**देश में भूमिहीन मजदूरों की संख्या**

3838. **श्री चद्रिन्का प्रसाद** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में भूमिहीन मजदूरों की संख्या क्या है; और

(ख) उनमें हरिजनों और मुसलमानों की संख्या क्या है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्ना-साहिब शिन्दे)** : (क) 1961 की गणना के अनुसार देश में कृषि मजदूरों की संख्या 31, 521,641 थी । इनमें से 4,068,861 व्यक्तियों के पास कृषि एक गौण व्यवसाय के रूप में थीं । अत: भूमि व खेती रहित कृषि मजदूरों की संख्या 27, 452, 780 है ।

(ख) 1961 की गणना के अनुसार 10, 453, 364 कृषि मजदूर अनुसूचित जातियों के थे । मुस्लिम भूमिहीन मजदूरों के बारे में पृथक् आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि आबादी के बारे में आर्थिक जानकारी का पता लगाते समय धर्म के आधार पर वर्गीकरण नहीं किया गया था ।

**Central Warehousing Corporation**

3839. SHRI K. LAKKAPPA :
SHRI A. SREEDHARAN :
DR. SUSHILA NAYAR :

Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether Central Warehousing Corporation has formed Rules and regulations for recruitment to posts carrying pay more than Rs. 500 per month;

(b) if not, the reasons therefor; and

(c) whether there is any proposal under consideration of Government to draft such rules and if so, when ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATON (SHRI ANNASAHIB SHINDE) : (a) Central Warehousing Corporation have formed rules for recruitment to Class IV, III and II posts carrying pay upto Rs. 900/--. Class I posts in the Central Warehousing Corporation are filled up either on deputation from Central or State Governments or on promotion from Class II officers of the Corporation.

(b) and (c). Do not arise.

**श्री गंगानगर में सहकारी चीनी मिलें**

3841. **श्री प० ला० बारूपाल** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को राजस्थान के श्री गंगानगर जिले में दो सहकारी चीनी मिलों की स्थापना में विलम्ब होने के कारणों का पता है, जिनके लिए स्थानीय नागरिकों द्वारा अंशित धन जमा कर दिया गया है; और

(ख) इन मिलों के कब तक स्थापित किये जाने की सम्भावना है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी)** : (क) गंगा नगर जिले (राजस्थान) में सहकारी आधार पर चीनी कारखाना स्थापित करने का प्रस्ताव विशेषज्ञों द्वारा मौके पर अध्ययन करने के उपरान्त इस आधार पर नामंजूर किया गया था कि उस क्षेत्र में गन्ने की अपर्याप्त उपज थी । एक अन्य प्रस्ताव उसी जिले के एक मौजूदा चीनी कारखाने को सहकारी कारखाने में बदलने के बारे में था, जिसके लिए सदस्यों से अंश पूंजी एकत्र की गई थी । बाद में राज्य सरकार ने यह निर्णय किया कि सहकारी चीनी कारखाने की स्थापना के लिए स्पष्ट प्रत्याशाएं नहीं हैं और परिणामस्वरूप अंश पूंजी लौटाने के लिए